विमानन संचालनालय
महानदी भवन
मंत्रालय, नवा रायपुर (छ0ग0)

//विज्ञापन//

क्रमांक 993/ /विमा0/संचा0/2025 रायपुर, दिनांक 25/11/25

विमानन संचालनालय, महानदी भवन मंत्रालय रायपुर में निम्नांकित रिक्त पद के सम्मुख दर्शाये अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

क्र.	पद विवरण	आयु सीमा	पद संख्या	मासिक संविदा वेतन	शैक्षणिक योग्यता
01.	क्वालिटी मैनेजर (एकांकी पद) अनारक्षित मुक्त–01	21 से 35 तक	01	1,11,188/–	1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये । 2 Holder of CAR-66 AME License on any Category. 3. 05 years experience in CAR-145 Approved Maintenance Organization.

टीप :– भविष्य में संविदा वेतन में राज्य शासन द्वारा किये जाने वाले वृद्धि अनुसार वेतन नियमन मान्य होगा ।

1. नियम एवं शर्तें :–

1. - निर्धारित आयु–सीमा :– अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2026 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो (समय–समय पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयु सीमा में छूट संबंधी निर्देश प्रभावशील/लागू रहेंगे)।

2- चयन प्रक्रिया :–

शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव एवं साक्षात्कार हेतु निर्धारित अंक

क्र.	शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव	अंक
1	विज्ञापन में वर्णित पद क्वालिटी मैनेजर हेतु आवश्यक न्यूनतम योग्यता हेतु निर्धारित अंक	30

File No. ESTB-101(2)/77/2025-DIRECTORATE OF AVIATION SECTION (Computer No. 53531)
Generated from eOffice by Suraj Kumar Sahu, ADD DIR DOA, ADDITIONAL DIRECTOR(DOA), AVIATION DEPARTMENT on 20/11/2025 02:32 pm

2	DGCA द्वारा अनुमोदित CAR 145 संस्था के Quality cell में 3 वर्ष या अधिक का अतिरिक्त कार्यानुभव हेतु निर्धारित अंक	2
3	DGCA द्वारा अनुमोदित CAR 145 संस्था में Quality Manager (CA form 4 holder) के रूप में कार्य करने का 2 वर्ष या अधिक का अतिरिक्त कार्यानुभव हेतु निर्धारित अंक	3
4	DGCA द्वारा अनुमोदित CAR 145 संस्था में 10 वर्ष से उपर अनुभव हेतु निर्धारित अंक	2
5	उच्चतर शैक्षणिक योग्यता (B S C Aeronautics/ Degree in Aeronautical engineering) धारक हेतु निर्धारित अंक	3
6	साक्षात्कार हेतु निर्धारित अंक	10
	कुल अंक	**50**

चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार चयन किया जावेगा। उपरोक्त तालिका अनुसार परीक्षा में प्राप्त अंकों, तकनीकि योग्यताओं एवं कार्यानुभव के आधार पर मैरिट सूची तैयार की जावेगी, तैयार सूची में से प्रथम 10 उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा, साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर अंक प्रदान करते हुए मेरिट के अंकों का योग कर अंतिम चयन सूची जारी कर नियुक्ति की जावेगी।

<u>3. नियुक्ति हेतु प्रक्रिया</u> :–

1. - पदभार ग्रहण करने के पूर्व उक्त पद हेतु चयनित अभ्यर्थी को पुलिस द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
2. - चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा। इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

<u>महत्वपूर्ण टीप</u> :–

1. - आवेदन–पत्र के नियत स्थान पर स्व–सत्यापित हाल ही के पासपोर्ट साईज़ का फोटो अनिवार्य रूप से चिपकाएं।
2. - आवेदक को आवेदन–पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, तकनीकि अर्हता, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास एवं जाति प्रमाण–पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा ।
3. - आवेदन–पत्र निर्धारित प्रपत्र में विज्ञापन जारी दिनांक से दिनांक 20/12/2025

File No. ESTB-101(2)/77/2025-DIRECTORATE OF AVIATION SECTION (Computer No. 53531)
Generated from eOffice by Suraj Kumar Sahu, ADD DIR DOA, ADDITIONAL DIRECTOR(DOA), AVIATION DEPARTMENT on 20/11/2025 02:32 pm

तक संचालक, विमानन संचालनालय, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर **AD-3/9** के पते पर केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट से भेजना अनिवार्य होगा । रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त आवेदन–पत्र के अलावा अन्य साधनों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

4. - विज्ञप्ति जारी दिनांक के पूर्व तथा अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
5. - **लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर अवश्य लिखें ।**
6. - आवेदन करने के पहले विज्ञापन में दर्शित आवश्यक शैक्षणिक एवं अर्हताओं के अनुरूप अपनी अर्हता की जांच स्वयं सुनिश्चित कर लें एवं अर्हता के समस्त शर्तों को पूरा करने की स्थिति में पूर्णतया संतुष्ट होने पर ही आवेदन–पत्र भरें। साक्षात्कार के लिये आंमत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है, तथा चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन–पत्र बिना कोई सूचना दिए निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी ।
7. - ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं उन्हें अपना आवेदन–पत्र नियोक्ता/विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
8. - चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो की गई नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।
9. - अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुणिपूर्ण आवेदन–पत्र अमान्य कर दिये जाएंगे, ऐसे आवेदन–पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।
10. - सभी अभ्यर्थी निश्चित रूप से "अभ्यर्थी की जानकारी" नामक तालिका भरकर संलग्न करें ।

4. नियुक्ति के लिए अपात्रता :–

1. - कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई आयु–सीमा में पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा ।
2. - कोई भी पुरुष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नि जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/नहीं होगी।

   परन्तु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण है, तो ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तत से छूट दे सकेगा।

3. - कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि ऐसी जांच के बाद, जैसे कि आवश्यक समझी जाए, नियुक्ति प्राधिकारी का इस बात से समाधान हो जाए कि वह सेवा या पद के लिए किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।
4. - कोई भी अभ्यर्थी जिसके विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

File No. ESTB-101(2)/77/2025-DIRECTORATE OF AVIATION SECTION (Computer No. 53531)
Generated from eOffice by Suraj Kumar Sahu, ADD DIR DOA, ADDITIONAL DIRECTOR(DOA), AVIATION DEPARTMENT on 20/11/2025 02:32 pm

परन्तु जहां तक किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय मे ऐसे मामले, लंबित हों तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।

5. - ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे पूर्व में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सेवा से बर्खास्त किया गया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित

अपर संचालक
विमानन संचालनालय
मंत्रालय, नया रायपुर (छ0ग0)

आवेदन पत्र का प्रारूप

अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज़ का फोटो चिपकाएं

आवेदित पद का नाम :– .....

1. - आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) .....
   (अंग्रेजी में) .....
2. - पिता/पति का नाम .....
3. - वर्तमान पता (पत्र व्यवहार हेतु) .....
4. - स्थायी पता .....
5. - जन्मतिथि (अंको में) .....
   (शब्दों में) .....
6. - आयु (01.01.2015 को) .....
7. - जन्म स्थान .....

8. - क्या आप शासन द्वारा मान्यता प्राप्त वर्ग ..... अ.पि.वर्ग/अजा/अजजा के सदस्य हैं ?

9. - <u>शैक्षणिक योग्यता (पद के लिये न्यूनतम योग्यता से शुरू करें)</u> :–

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय	श्रेणी	कुल प्राप्तांक	कुल प्राप्तांकों का प्रतिशत
01.						
02.						
03.						
04.						
05.						

10. - क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं ? हाँ तो सक्षम ..... अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें

11. - रोज़गार कार्यालय का जीवंत पंजीयन क्रमांक यदि हो तो दिनांक तथा रोज़गार कार्यालय का नाम .....
.....

12. - क्या आप शासकीय/अर्द्धशासकीय कर्मचारी तथा छ.ग. हाँ/नहीं .....
राज्य/निगम/मंडल के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी हैं ?
(यदि हाँ तो उसका पूरा विवरण लिखें तथा अपने विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

13. - क्या आप किसी अपराधिक प्रकरण में गिरफ्तार किये गये हाँ/नहीं .....
हैं, क्या आप पर अभियोजन चलाया गया है?
यदि हुए हैं जुर्माना हुआ है या आप किसी अपराध में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराएँ गये है तो पूर्ण विवरण दिया जावे साथ ही अपराध क्र./धारा/थाना एवं जिला सहित पूर्ण विवरण दर्शाये।

14. - क्या आप पर वर्तमान में किसी न्यायालय या किसी हाँ/नहीं .....
भी संस्था में आपके विरूद्ध कोई आपराधिक/अनुशासनात्मक मामला लंबित है ?

File No. ESTB-101(2)/77/2025-DIRECTORATE OF AVIATION SECTION (Computer No. 53531)
Generated from eOffice by Suraj Kumar Sahu, ADD DIR DOA, ADDITIONAL DIRECTOR(DOA), AVIATION DEPARTMENT on 20/11/2025 02:32 pm

यदि हां तो विवरण देवें ।

15. - आवेदक विवाहित है या अविवाहित है । यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि .....

16. - अनुभव का विवरणः–

क्र.	पद नाम जिस पर सेवा दी गई	नियोक्ता/संस्था का विवरण	कार्यअनुभव का विवरण तथा उसकी अवधि	अन्य विवरण (यदि देना चाहें)

(<u>टीप</u> :– शपथ पत्र संलग्न करें । निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा (पुरूष 21 वर्ष महिला 18 वर्ष) के पूर्व विवाहित आवेदक/आवेदिका नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे) ।

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर

<u>घोषणा –पत्र</u>

–

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त जानकारी जहाँ तक मुझे पता है और जहाँ तक मेरा विश्वास है सही है और पूर्ण है। मैं ऐसी किसी परिस्थितियों से अवगत नहीं हूँ जिसके कारण शासन के अधीन नियोजन पाने के लिये मेरी उपयुक्तता क्षीण होती हो। मैं इस बात से सहमत हूँ कि यदि उपयुक्त जानकारी किसी सारभूत तथ्य के संबंध में असत्य या अपूर्ण पाई जावे तो नियुक्ति प्राधिकारी को मुझे बिना सूचना दिए या बिना कारण बताए मेरी सेवा समाप्ति का अधिकार होगा और उसका निर्णय मुझ पर बंधनकारी होगा ।

स्थान .....
दिनांक .....

File No. ESTB-101(2)/77/2025-DIRECTORATE OF AVIATION SECTION (Computer No. 53531)
Generated from eOffice by Suraj Kumar Sahu, ADD DIR DOA, ADDITIONAL DIRECTOR(DOA), AVIATION DEPARTMENT on 20/11/2025 02:32 pm

आवेदक का हस्ताक्षर

(नाम .....)

पूर्ण पता .....

संलग्न (प्रमाण–पत्रों का विवरण एवं संख्या) :–

1. - ..... 2. .....

..

3. ..... 4. .....

..

5. ..... 6. .....

..

7. ..... 8. .....

..

अभ्यर्थी की जानकारी की चेक लिस्ट

(कृपया विवरण भरें एवं संलग्नक को अंकित करें)

क्रमांक	विवरण		विभागीय रिमार्क
01.	02.	03.	04.
1.	नाम		
2.	पिता / पति का नाम		
3.	पता		
4.	मोबाईल नम्बर		
5.	जाति / प्रमाण–पत्र	संलग्न है / नहीं है	
6.	जन्मतिथि / आयु		
7.	रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन	संलग्न है / नहीं है	
8.	अंकसूची 12 वीं (%)		
9.	अंकसूची 10 वीं (%)		
10.	अन्य उच्च शैक्षणिक योग्यता		
11.	कार्यानुभव का प्रमाण–पत्र	संलग्न है / नहीं है	

File No. ESTB-101(2)/77/2025-DIRECTORATE OF AVIATION SECTION (Computer No. 53531)
Generated from eOffice by Suraj Kumar Sahu, ADD DIR DOA, ADDITIONAL DIRECTOR(DOA), AVIATION DEPARTMENT on 20/11/2025 02:32 pm

12.	अन्य रिमार्क		

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर